# शिक्षक ने ही अपने स्कूल से कर लिया सामान चोरी

## मामला : शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुरलाय का, ग्रामीणों की सूचना में शिक्षा विभाग ने की कार्यवाही

**शाजापुर, 20 जुलाई. चोरों को तो चोरी करते हुए कई बार देखा है, लेकिन शिक्षा के मंदिर में जब एक शिक्षक ही चोरी करता पकड़ा जाए, तो इसे क्या कहेंगे. ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है शाजापुर जिले के ग्राम बुरलाय में. शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ईश्वर सिंह आर्य स्कूल का पूरा सामान ट्रेक्टर ट्रॉली में भरकर ले जा रहे थे. जब गांव वालों ने देखा, तो इसकी सूचना शिक्षा विभाग को दी. मौके पर पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूल का सामान स्कूल में रखवाया.**

गौरतलब है कि रविवार की छुट्टी होने के कारण स्कूल बंद था.



इसी का फायदा उठाते हुए प्रधानाध्यापक ईश्वर सिंह आर्य ट्रेक्टर-ट्रॉली के साथ स्कूल पहुंचा और स्कूल का पूरा सामान भरकर ले जाने लगा. इसी दौरान गांव वालों ने इसकी सूचना बीएससी प्रमोद कारपेंटर को दी और शिकायत मिलते ही कारपेंटर मौके पर पहुंचे. उन्होंने सारा सामान स्कूल में रखवाया. इस बारे में बीआरसी योगेश भावसार ने बताया कि ईश्वर सिंह आर्य तीन दिन पहले ही बिना सूचना के स्कूल से अनुपस्थित था. उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था. उक्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ कई बार विभागीय कार्यवाही की जा चुकी है. अब इस चोरी के मामले में भी कार्यवाही की जाएगी.

### शासकीय रिकॉर्ड भी ले जा रहे थे...

शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुरलाय के प्रधानाध्यापक की कार्यप्रणाली शुरू से ही विवादित रही है. इसी कारण उन्हें कई बार विभागीय स्तर पर शोकाज नोटिस जारी कर कार्यवाही की जा चुकी है, लेकिन वे अपनी आदतों में सुधार लाने के बजाय मनमानी करते रहते हैं. उन्होंने रविवार की छुट्टी का फायदा उठाकर स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया. वे ट्रेक्टर ट्रॉली में पेटी व अन्य पुराने सामान के साथ शासकीय रिकॉर्ड के बस्ते भी ले जा रहे थे. गनीमत रही ग्रामीणों ने उन्हें सामान ले जाते हुए देख लिया और शिक्षा विभाग को इसकी सूचना दी.

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे बदमाश, नगदी व आभूषण चुराए

## भावसार कॉलोनी में दो घरों में चोरी, पुलिस कर रही जांच

**सोयतकलां, 20 जुलाई. शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 7 से 8 नकाबपोश बदमाशों ने नगर परिषद के सामने भावसार कॉलोनी में दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया. जिसके कारण नगर में दहशत फैल गई. चोरों ने एक घर से 70 हजार रुपए नगद व सोने चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ किया. चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है. पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए फिंगर प्रिंट साइबर सेल की मदद ली है.**

भावसार कॉलोनी में रहने वाले रिटायर पेंशनर मोहनलाल शर्मा ने बताया कि 7 से 8 नकाबपोश बदमाश रात करीब 1 बजे से 3 बजे के बीच घर के बाहर लगी बाउंड्री से अंदर दाखिल हुए और खिड़की तोड़कर कमरे में रखी अलमारी से 70 हजार रुपए नगर व लाखों रुपए के सोने चादी के जेवरात चोरी कर ले गए. घटना के वक्त दोनों पति पत्नी बाहर हाल में सो रहे थे. शर्मा ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है.

### सात से आठ नकाबपोश बदमाश थे...

चोरों ने दूसरी चोरी की वारदात समीप रहने वाले राजेश पिता पुरुषोत्तम राठौर के मकान में की. चोर यहां भी कमरे के बाहर लगी खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए. चोरों ने घर में रखा सामान अस्त व्यस्त कर दिया. परिजन शाम 6 बजे तक चोरी की घटना के बाद नुकसान का आंकलन करने मे लगे रहे. जिसके कारण उन्होंने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई. इधर 7 से 8 नकाबपोश बदमाश हाथों में लाठी डंडे, चोरी की वारदात में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के साथ मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. जिसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है. थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस फिंगर प्रिंट साइबर सेल व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धो से पूछताछ कर रही है. जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. नगर में पिछले तीन दिनों से तीन संदिग्ध स्मैकची घूम रहे हैं जो नगर में दिनदहाडे दुकान मकान के बहार रखे सामान को उठाकर ले जा रहे थे. जिनका नगर में तेजी से सोशल मीडिया पर वीडियो फोटो वायरल हुआ.

## एक नजर में

### हिरण के बच्चे को कुत्तों ने बनाया शिकार

**सुसनेर, 20 जुलाई.** रविवार को जीरापुर रोड़ पर नांदना और गेलाना के बीच सड़क के समीप से हिरण के बच्चे को कुत्तों ने अपना शिकार बनाकर उसे घायल कर दिया. उसके बाद लोंगड़ी ग्रामीण उमरावसिंह, रमेश, निर्भयसिंह गेलाना, परसुलिया के भंवरसिंह द्वारा घायल हिरण के बच्चे को ट्रैक्टर से पशु चिकित्सालय सुसनेर में लाया गया. जहां पत्रकार गोविंदसिंह बगड़ावत तथा उनके बेटे भरतसिंह बगड़ावत के सहयोग से डॉक्टर आरसी पंवार द्वारा गंभीर रूप से घायल हिरण के बच्चे का उपचार करवा कर वनविभाग के हवाले किया गया है.

### किसान संघ की रीति नीति व कार्य पद्धति से अवगत कराया

**शुजालपुर, 20 जुलाई.** भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर मे ग्राम समिति अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम आयोजित हुआ. अभ्यास वर्ग में पहला वर्ग लहारखेड़ा मंडल और चापड़िया मंडल के गांवों की ग्राम समितियों के कार्यकर्ताओं का हुआ, जिसमें उन्हे प्रशिक्षण दिया गया. इसी प्रकार रविवार को अख्तियारपुर मंडल और अमलाय पत्थर के मंडल की ग्राम समितियों को अभ्यास कराया गया, वर्ग में भारतीय किसान संघ की रीति नीति कार्यपद्धति संगठन की स्थापना से लेकर संगठन के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवन शैली पर प्रकाश डालकर कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया. तीसरा वर्ग 27 जुलाई को उचावद और चौथा वर्ग 4 अगस्त को उगली गांव मे संपन्न होगें. उज्जैन संभागीय सदस्य राजबहादुर गुर्जर ने कार्यकर्ताओ को संगठन के प्रति एक जुट रहने का सूत्र बताया. जिला अध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने कहा की भारतीय किसान संघ किसानों का किसानों के लिए और किसानों द्वारा चलाए जाने वाला गैर राजनीतिक और राष्ट्रवादी संगठन है. जिला मंत्री मुकेश पाटीदार ने संगठन की रीति नीति से अवगत कराया, जिला सहमंत्री चन्दर सिंह सिसोदिया ने संगठन की कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया. जिला युवा वाहिनी संयोजक खामसिह परमार ने ग्राम समिति के कार्यकर्ता बंधुओं को अपने हक और अधिकारो से अवगत कराते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख भारतसिह नाहर ने संगठन द्वारा मनाए जाने वाले चार उत्सव के बारे में बताया. इसी प्रकार शुजालपुर तहसील मे संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ता और किसान बंधुओं को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं. अभ्यास वर्ग जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम धनगर, सदस्य रामचंद्र धनगर, भागीरथ तोमर, विष्णु, मनोहर राजपूत, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र मेवाड़ा, तहसील उपाध्यक्ष सुभाक सिंह मेवाड़ा, चैन सिंह पटेल, मंडल प्रभारी फूलसिंह धनगर, मीडिया प्रभारी निलेश धनगर, युवा वाहिनी संयोजक सज्जन सिंह, सदस्य रामनारायण, जसवंतसिंह, पृथ्वीसिंह, सिद्धनाथ, प्रेमसिंह, सुरेश पाटीदार, कमल पाटीदार सहित अन्य उपस्थित थे.

### नशे के विरूद्ध मैराथन में दौड़े युवा

**शुजालपुर, 20 जुलाई.** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता कार्यक्रम के तहत रविवार की सुबह मंडी पुलिस ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया. यह दौड़ थाना प्रभारी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ हुई. इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवा धावकों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. दौड़ का आयोजन पुलिस चौकी चौराहे से एसडीओपी कार्यालय व वापस पुलिस चौकी चौराहे तक हुआ. बालक व बालिका वर्ग में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया. मैराथन दौड़ उपरांत पुरूस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसका संचालन खेल प्रशिक्षक आनंद परमार ने किया. बालक वर्ग मैराथल में प्रथम उदयप्रताप सिंह तोमर, द्वितीय निर्विंध्र शर्मा, तीसरे स्थान पर आकाश यादव, चौथे स्थल पर संजय अहिरवार व पांचवे स्थान पर तुषार ढिल्लन रहे. इसी प्रकार बालिका वर्ग में पहले स्थान पर कीर्ति ढिल्लन, दूसरे स्थान पर अनुराधा राजपूत व तीसरे स्थान पर संगम यादव रही. बता दे दूसरे स्थान पर आई अनुराधा राजपूत दिव्यांग होने के बाद भी खेलों में अच्छा प्रदर्शन करती है अनुराधा का एक हाथ नहीं होने के बाद भी वह एक अच्छी बैडमिंटन खिलाड़ी है तथा दौड़ में भी उसने अपना दबदबा बनाया है. नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस सिटी ने आमजनों में जन जागृति के लिए मानव श्रृंखला बना कर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में बताया. साथ ही आमजन को नशे से दूर रहने और नशा न करने की समझाइश दी गई. थाना प्रभारी ने बच्चों से उनकी समस्याओं के संबंध में भी बात की. इस अवसर पर प्रधानआरक्षक निहाल सिंह, आरक्षक योगेंद्र सिंह, आरक्षक सतीश मेवाड़ा, आरक्षक रामबाबू सिसोदिया, आरक्षक रामेश्वर दांगी आदि उपस्थित रहे.

### मार्ग की हालत खराब होने पर हाईवे जाम किया

**शुजालपुर, 20 जुलाई.** फ्रीगंज क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23 स्थित आनंद नगर में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है और इन सुविधाओं के लिए यहां के रहवासियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है. इस कॉलोनी तक मुख्य मार्ग से पहुंचने वाली सड़क की हालत काफी खराब है और मार्ग कच्चा होने के कारण वर्षाकाल में कीचड़ मच जाता है, जिसके कारण वाहनों का आवागमन नहीं हो पाता है, इस मार्ग पर एम्बुलेंस भी फंस गई थी. उक्त समस्या के निराकरण के लिए इस क्षेत्र के रहवासियों ने रविवार को नेशनल हाइवे 752 सी आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर बैठकर जाम कर दिया. साथ ही प्रशासन व नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी. इस प्रदर्शन के चलते लगभग आधे घंट तक जाम की स्थिति बनी रही और हाइवे पर से गुजरने वाले वाहन फंसे रहे. प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि खराब मार्ग होने के कारण आवश्यक सेवाएं उनके घरों तक नहीं पहुंच पा रही है. स्कूल वाहन सहित अन्य वाहन नहीं आने से परेशानी हो रही है. हाइवे पर चक्का जाम होने की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मंडी शिवकुमार यादव, पुलिस बल व नगर पालिका सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे, जिन्होंने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया.

### नगर पालिका ने कराई जमधड़ नदी की सफाई

**शुजालपुर, 20 जुलाई.** शहर के मध्य से गुजरने वाली जीवनदायनी मां जमधड़ नदी में शहर की गंदगी मिलने तथा पेयजल दुषित होने के मामले में इस समाचार पत्र ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर प्रशासन व नगर पालिका को चेताया था. इस समाचार के बाद नगर पालिका ने अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए नदी में गंदगी की समस्या के समाधान के लिए कार्यवाही की. नगर पालिका ने जेसीबी की मदद से बड़े पुल के नीचे काफी मात्रा में जमा गंदगी, कचरा व प्लास्टिक सामग्रियों को उठाकर ट्रेक्टर ट्रालियों की मदद से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया.

# सीनियर डरते हैं इसलिए जूनियर को आगे करते हैं...

**बात शाजापुर की**
× Ùæð `

अधिकारियों का दौरा हो, तो सीनियर, माल कुटाई हो, तो सीनियर, भ्रष्टाचार की बंदरबांट हो, तो सीनियर, ड्यूटी से गायब होना हो, तो सीनियर, प्रायवेट प्रैक्टीस के लिए बहाने बनाकर निजी क्लीनिक पर जाना हो, तो सीनियर, लेकिन जब जिम्मेदारी लेने की बारी आए, तो याद आते हैं सिर्फ जूनियर. यह परंपरा यूं तो हर जगह निभाई जाती है, लेकिन अस्पताल में सीनियर डॉक्टर्स की ये कार्यप्रणाली आए दिन देखने को मिल जाती है. जब भी अस्पताल में किसी बात को लेकर विवाद होता है, तो सीनियर डॉक्टर हर कार्यवाही और विवाद से बचते नजर आते हैं. यही कारण है कि वे हर बार जूनियर डॉक्टर को आगे कर देते हैं. पद के गुमान में अतिक्रमण हटाने अस्पताल पहुंचे तहसीलदार के सामने भी सीनियर डॉक्टर मोनी बाबा बन गए और जूनियर डॉक्टरों को तहसीलदार से भिड़वा दिया. इस मामले को लेकर नारेबाजी हुई, धरना प्रदर्शन हुआ. थाने-थाने का खेल भी हुआ, लेकिन आखरी में समझौता हो गया. समझौता होना लाजमी भी था, क्योंकि कोई भी सीनियर डॉक्टर अधिकारियों से सीधे तौर पर पंगा नहीं लेना चाहता, क्योंकि सीनियर डॉक्टर अपनी निजी प्रैक्टीस में बिजी रहते हैं और वे किसी भी हालत में विवाद की स्थिति से बचने का प्रयास करते हैं. उनका मानना रहता है कि अधिकारी से भिड़ेंगे, तो निजी प्रैक्टीस के रास्ते बंद हो जाएंगे.

**प्रशासन के राजकुमार किस बात के प्रभारी...**

हलधर को प्रशासन का राजकुमार कहा जाता है, क्योंकि उनके पास कई मलाईदार विभागों के प्रभार हैं. अस्पताल भी उनके प्रभार में ही आता है. लेकिन डॉक्टर, तहसीलदार के विवाद के दौरान प्रशासन के राजकुमार पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुए. आखिरकार विवाद का हल विधायक को करना पड़ा. हलधर प्रशासन के राजकुमार बनकर केवल अपनी सल्तनत पर राज कर रहे हैं. एक साल से वे अस्पताल के प्रभारी हैं, लेकिन आज तक वे अस्पताल को ठीक नहीं कर पाए हैं.

**फूफा कुंभ का काउंट डाउन शुरु**

भाजपा और कांग्रेस में आने वाले समय में फूफाओं का महाकुंभ लगने वाला है. कांग्रेस में जिलाध्यक्ष की ताजपोशी के बाद फूफाओं का मेला लगेगा, तो भाजपा कार्यकारिणी के बाद भाजपा में फूफाओं का एकत्रीकरण होगा. या यूं कहें कि दोनों दलों में फूफाओं के कुंभ का काउंट डाउन शुरू हो गया है.

**अंत में...**

प्रशासन के अल्बर्ट पिंटो तहसीलदार को गुस्सा क्यों आता है.

# फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**शाजापुर, 20 जुलाई. पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है.**

कोतवाली थाना पुलिस द्वारा 8 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी ओमप्रकाश पिता मोहनलाल निवासी फूंदीय थाना खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया है. उक्त वारंटी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक शाजापुर द्वारा 10 हजार का नकद इनाम घोषित किया गया था. उक्त आरोपी स्थाई वारंटी को जल्द ही माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा. थाना प्रभारी कोतवाली संतोष वाघेला के नेतृत्व में गठित टीम में प्रधान आरक्षक 530 जीवन पांचाल, आरक्षक संजय पटेल, आरक्षक हेमराज मालवीय एवं साइबर सेल के आरक्षक राजेश दांगी द्वारा तकनीकी सहायता एवं सतत निगरानी के माध्यम से आरोपी को पीथमपुर, जिला धार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई. शाजापुर पुलिस की यह कार्यवाही अपराधियों के मनोबल को तोड़ने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी.

### रविवार को हजारों कांवड़िये पहुंचे जटाशंकर

**शुजालपुर, 20 जुलाई.** पवित्र सावन माह के चलते भगवान भोलेनाथ की स्तुति जारी है, रविवार को हजारों की संख्या में विभिन्न गांवों व शुजालपुर के वार्डो से अलग-अलग कांवड़ यात्राएं निकली तथा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया. सिद्ध क्षेत्र जटाशंकर महादेव मंदिर समिति के राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रविवार को कडवाला, ढाबलाधीर गांव की यात्रा को आमंत्रित किया गया था, उक्त दोनों गांवों से बडी संख्या में कावडिए भजनों की प्रस्तुति देते हुए जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर पहुंचे, साथ ही टिकोद से भी कावड यात्रा आई. उधर शुजालपुर मंडी क्षेत्र स्थित ब्रजनगर कॉलोनी में शिव मंदिर से श्रद्धालुओं ने कावड यात्रा निकाली. प्रेमनगर कॉलोनी व शंकट मोचन हनुमान मंदिर से भी कावड यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं जल से भरे कलश और पुरूष कंधों पर कावड लेकर भक्ति भाव से बाबा जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचे. श्रद्धालुओं ने भगवान को जल अर्पित करते हुए सुख समृद्धि की कामना की. जटाशंकर कावड यात्रा समिति द्वारा यहां पर आने वालों के लिए जन सहयोग से भंडारा संचालित किया जा रहा है.

# श्रावण माह विशेष : कंठाल किनारे बसा है नीलकंठेश्वर का धाम

## देवी अहिल्याबाई ने की थी प्राचीन मंदिर की स्थापना, हर वर्ष निकलती है महादेव की शाही सवारी

**सुसनेर, 20 जुलाई. इंदौर रियासत की महारानी देवी अहिल्याबाई ने तहसील में कई जगहों पर शिव मंदिरों का निर्माण कराया था. वर्तमान में ये सभी मंदिर शासन के आधिपत्य में होकर धर्मस्व विभाग के अधीन है. इन्ही में से एक नगर के मेला ग्राउंड क्षेत्र में स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर है. इस मंदिर के आसपास कई और शिवालय भी है. इस कारण से इसे पुराने समय में शिव का बाग भी कहा जाता था.**



बाद में नगर परिषद द्वारा इस स्थान पर वार्षिक रामनवमी मेले की शुरूआत कर दी गई. तब से इसे इस जगह का नाम मेला ग्राउंड पड़ गया. मंदिर कंठाल नदी के किनारे पश्चिम दिशा की और बसा है. इस मंदिर से प्रतिवर्ष भादौ के पहले सोमवार पर शिव भक्त मंडल के तत्वावधान में नीलकंठेश्वर महादेव की शाही सवारी भी निकाली जाती है. इस दिन भगवान अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं. श्रावण मास के अवसर पर हम आपको सुसनेर क्षेत्र के ऐसे प्राचीन शिवालयों से अवगत करा रहे हैं. जो न सिर्फ हमारी धार्मिक आस्था के केन्द्र बिंदु है बल्की हमारे प्राचीनतम इतिहास को भी सहेजे हुए है.

**यहीं से ओंकारेश्वर के लिए निकलती है कावड़ यात्रा**

मेला ग्राउंड क्षेत्र यानी के शिव के बाग में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के अलावा ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, जयेश्वर महादेव मंदिर भी है. बोलबम कावड़ यात्रा संघ के द्वारा विगत कई वर्षो से कावड़ यात्रा इसी नीलकंठेश्वर मंदिर से निकाली जाती आ रही है. कावड़ यात्री मंदिर में महारूद्राभिषेक कर कंठाल नदी के जल से 300 किलोमीटर पैदल चलकर ओंकारेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग का अभिषेक करते हैं.

**पूरे श्रावण मास चलता है महारुद्राभिषेक**

विगत 3 वर्षो से इस मंदिर से जडे युवा शिव भक्तों ने नई पहल की शुरूआत की. जिसके तहत हर साल श्रावण मास के दौरान पूरे महिने महारूद्राभिषेक किया जाता है. प्रतिवर्ष गुरू पूर्णिमा से महारूद्राभिषेक की शुरूआत होती है. जो श्रावण मास की समाप्ति के बाद महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन होता है. रविवार को मंदिर परिसर में 11 वां महारूद्राभिषेक सम्पन्न किया गया. पंडित ब्रह्मप्रकाश भट्ट अभिषेक की किया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवा रहे हैं.

### जनसहयोग से मंदिर में हो रहे निर्माण कार्य

यह मंदिर धर्मस्व विभाग के अधीन होकर भी प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है. लेकिन बीते कुछ सालों से मंदिर के प्रति श्रृद्धालुओं की आस्था जागरूक हुई और अब मंदिर का धीरे-धीरे करके जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है. जन सहयोग की राशि से अभी तक मंदिर का गर्भगृह, शिखर की मरम्मत व मंदिर परिसर एवं सीढ़ियो की मरम्मत करके टाईल्स भी लगवाई गई है. यहां पर युवाओं ने शिवभक्ति का बीड़ा उठा रखा है.

### मंदिर की जमीन पर मंडी का कब्जा

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के नाम पर कई जगह पर जमीने भी दर्ज है. इनमें से इन्दौर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंदिर के नाम की करीब 10 बीघा भूमि कृषि उपज मंडी के कब्जे में है. इस बात की जानकारी प्रशासन के जिम्मेदारों को भी है. किन्तु मंदिर की पुजारन विधवा महिला के होने के कारण मंदिर की जमीन को कृषि उपज मंडी से मुक्त कराने की कोई ठोस पहल आज तक नहीं हो पाई है.

**एक नजर में** | पुलिस विभाग ने स्टेडियम में वाहन चालकों को दिया नशा मुक्ति का संदेश

# 'नशे से दूरी है जरूरी' पुलिस का विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**शाजापुर, 20 जुलाई. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित नशे से दूरी है जरूरी, विशेष जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर के स्टेडियम ग्राउंड पर ऑटो चालकों एवं अन्य वाहन चालकों को एकत्रित कर नशामुक्ति का संदेश दिया गया.**



कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित वाहनों पर अभियान से संबंधित प्रेरणादायक स्टीकर चिपकाए गए, जिससे आमजन में नशे के विरुद्ध एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत द्वारा उपस्थित वाहन चालकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. तटस्थता पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा नशा मुक्ति की शपथ उपस्थितजनों को दिलाई गई. जिसमें यातायात प्रभारी सौरभ शुक्ला, सूबेदार सौरभसिंह, थाना लालघाटी से उप निरीक्षक हेमंत पटेल, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं ऑटो चालक एवं वाहन चालक कुल संख्या लगभग 200 सम्मिलित रहे. इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मध्यप्रदेश शासन की प्राहवीर योजना के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी भी साझा की गई. उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी अज्ञात व्यक्ति की सहायता करता है एवं उसे शीघ्र अस्पताल पहुंचाता है तो ऐसे सजग नागरिक को राज्य शासन द्वारा 25,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है. यह योजना लोगों को मानवता एवं सामाजिक सहयोग के लिए प्रेरित करती है. यातायात पुलिस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नागरिकों में नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ.

### पुलिस ने नुक्कड़ सभा कर नशे से दूर रहने का दिया संदेश...



**मोहन बड़ोदिया,** मोहन बड़ोदिया पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में रविवार को ग्राम मोहना की नर्सिंग कॉलोनी और अंबिका चौक पर थाने से एसआई गोविंद प्रसाद चौबे, आरक्षक रामेश्वर दांगी एवं अनिल सेन द्वारा नुक्कड़ सभा के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशे से समाज और परिवार में होने वाले क्लेश के बारे में समझाया. लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया. इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे जीवन को नष्ट करता है, इससे दूर रहकर ही हम एक सफल स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं. उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वह स्वयं के साथ साथ अपने परिवार और समाज को भी नशे से दूर रखने का संकल्प लें, जिससे एक स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माण हम सब कर सकें. साथ ही इस दौरान मौजूद लोगों को नशा न करने नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई. इस दौरान ग्राम पंचायत मोहना के सरपंच सत्यनारायण जामलिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.